राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्तव्य • समर्पण

1 अप्रैल . 2016

सीबीएसई : ईकोनॉमिक्स के पेपर में दिखा योगा का असर

नई दिल्ली (एसएनबी)। देश भर में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) बारहवीं के कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थियों का आखिरी पेपर काफी राहत भरा रहा। गणित के कठिन पेपर से झटका खाने के बाद कॉमर्स स्ट्रीम के विद्यार्थी जब ईकोनॉमिक्स के पेपर से रू ब रू हुए तो उन्हें काफी राहत मिली। पेपर में वैल्यू बेस्ड प्रश्न में योगा दिवस का असर देखने को मिला। पेपर में योगा के महत्व को लेकर सवाल किया गया। ईकोनॉमिक्स का पेपर पेपर बीते साल की तुलना में आसान था। बता दें बारहवीं के अन्य विषयों के आखिरी पेपर 22 अप्रैल को हैं।

पीतमपुरा स्थित एमएम पब्लिक स्कूल की ईकोनॉमिक्स की सब्जेक्ट एक्सपर्ट जसप्रीत कौर व रोहिणी स्थित माउंट आबू स्कूल के सब्जेक्ट एक्सपर्ट ने बताया कि ईकोनॉमिक्स का पेपर आसान और संतुलित था। 80 फीसद पेपर औसत स्तर का आया था, जबकि बाकी 20 फीसद पेपर थोड़ा मुश्किल था। इस पेपर में विद्यार्थी ज्यादा अंक हासिल कर सकेंगे। सब्जेक्ट एक्सपर्ट जसप्रीत ने बताया कि पेपर कुल 100 अंकों का था, जिसमें एक अंक वाले दस प्रश्न, तीन अंक वाले छह प्रश्न, चार अंक वाले छह प्रश्न, छह-अंक वाले आठ प्रश्न पूछे गये थे। परीक्षार्थी पायल और राशि ने बताया कि पेपर आसान था और समय पर खत्म हो गया।